# क्या आप कर सकते हैं मछली की खेती?

**प्रेम कुमार, राकेश शर्मा, पुनीत चौधरी, विकास टंडन, राजू गुप्ता, शीतल बडयाल एवं पूनम अबरोल**



**परिचय**

मतस्य पालन या मछली की खेती को जलीय कृषि के रूप में भी जाना जाता है वर्तमान समय में इसने एक वैकल्पिक कृषि उद्यम के रूप में किसानों, जमींदारों, और निवेशकों का ध्यान आकर्षित किया है। खेती के अन्य रूपों की तरह, मछली पालन में भी पूंजी निवेश, श्रम, प्रबंधन, और जोखिम शामिल है। यदि आप मछली की खेती करने पर विचार कर रहे हैं, तो आप के लिये मछली की खेती संभव है या नहीं निर्धारित करने में यह प्रश्न सूची आपकी मदद कर सकती है क्योंकि यह सबसे महत्वपूर्ण कारणों को सूचीबद्ध करती है। परन्तु यह सूची सफलता या विफलता की गारंटी नहीं होगी। लेकिन मछली की खेती शुरू करने से पहले उच्च सफलता की संभावना के बारे में पता करने के लिये निम्न सारे सवालों के जवाब आपके हाँ में होना चाहिए।

**उत्पादन से संबंधित प्रश्न**

1. क्या वह स्थान अपके निवास के पास स्थित है जहाँ आपकी मछली पालने की योजना है जिससे की आप आसानी से देख रेख और रख रखाव कर सकें तथा आवश्यक प्रबंधन समायोजन की सुविधाएं हों?
2. क्या आप सही समय पर और उचित कीमत पर मछली की खेती के लिए आवश्यक दिशा निर्देश एवं कौशल हासिल कर सकते हैं?
3. क्या संबंधित क्षेत्र में लोगों द्वारा पसंद के जाने वाली मछली को बढ़ाना जैविक रूप से संभव है?
4. क्या वह राज्य मछली की खेती के लिए प्रोत्साहित करता हैं और स्थानीय नियमों में उसकी अनुमति है?
5. क्या मछली का अच्छी गुणवत्ता वाला भोजन एक प्रतिस्पर्धी मूल्य पर उपलब्ध हैं?
6. क्या अच्छी गुणवत्ता वाले मछली के बीज (फिंगरलिंग्स) तथा वयस्क स्थानीय डीलरों के पास उपलब्ध हैं?
7. क्या आप अपने खुद के फिंगरलिंग्स तयार कर सकते हैं?
8. क्या आप पानी की गुणवत्ता की समस्याओं को संभालने के लिए तैयार हैं?
9. क्या आप ऑक्सीजन बढाने वाला उपकरण (एरेटर) खरीद सकते हैं?
10 क्या पानी का तापमान पूरे साल भर मछली पालन के लिए उपयुक्त है?
11. क्या वहां भरोसेमंद श्रमिक उपलब्ध हैं?
12. क्या भरोसेमंद सेवाएं मतस्य रोगों की पहचान तथा रोग निदान के लिए उपलब्ध हैं?
13. क्या वहां रोग या पानी की गुणवत्ता की समस्याओं का इलाज करने के लिए आवश्यक दवाओं और रसायनों के लिए आपूर्ति के लिये कोई स्रोत (दुकान) है?
14. क्या आपके पास मत्स्य भोजन के लिए भंडारण क्षेत्र हैं ?
15. क्या आप किसी भी सरकारी एजेंसियों या उद्योग संगठनों की पहचान कर सकते हैं जोकि शैक्षिक और तकनीकी सेवाएं प्रदान कर सके?
16. क्या आप तनाव को संभाल सकते हैं जोकि इसके जोखिम प्रबंधन और अतिरिक्त समय देने पर उत्पन्न हो सकता हैं?
17. क्या आप मछली संचालन के लिए आवश्यक दैनिक श्रम को समर्पित करने के लिए तैयार हैं?

**मार्केटिंग/ वितरण**

1. क्या आपको मछली के लिए एक स्थापित बाजार का पता है?
2. क्या आपकी मछली की बाज़ार में अधिक मांग है?
3. क्या आप मछली की कीमत और बाजार में स्थिरता को जानते हो?

4. क्या बाजार में मछली की मांग उस महीने में होती है जब आप उन्हें बेचने की योजना बना रहे हैं
5. क्या मछली के बंद सत्र के दौरान भी मछली का बाज़ार मिल सकता है?
6. क्या आपके पास मछली पकड़ने के लिए एक उपयुक्त व्यवस्था है?
7. यदि आपके स्थान पर मछली का बाजार उपलब्ध नहीं है, तो क्या आप के पास एक वैकल्पिक विपणन रणनीति है?
8. क्या आप अपने उत्पाद को बाजार तक पहुचाने में सक्षम हैं? क्या आपके पास मछली को ले जाने के लिये परिवहन सुविधा उपलब्ध हैं?
9. क्या मछली को बाजार तक ले जाने के लिये अपने क्षेत्र में एक सहकारी संगठन का गठन किया जा सकता है जिससे सबको मदद हो सकती है?
10. क्या आप मछली को साफ तथा काटने में सक्षम हैं बाजार के अनुरूप ?
11. यदि आप इसे अपने आप साफ तथा काटने में सक्षम नहीं हैं, तो क्या बाजार में इसकी सुविधाएं हैं?
12. क्या वहां मत्स्य बीज (फिंगरलिंग्स) के लिए भी बाजार है?

**अर्थशास्त्र**

1. क्या आप के पास उपयुक्त तालाब या तालाब बनाने के लिए उपयुक्त साइट है?
2. क्या तालाबों को भरने और वाष्पीकरण, रिसाव, या अन्य समस्याओं के कारण पानी की मात्रा को पुरा करने के लिये पानी उपलब्ध है? क्या जरूरत के समय तालाब का पुरा पानी बदलने के लिए व्यवस्था है ?
3. क्या मछली उत्पादन के लिए उचित गुणवत्ता और मात्रा का पानी है?
4. क्या मछली फार्म आपरेशन के लिए उपयुक्त भोगोलिक स्थान और मिट्टी है?
5. मछली पालन के लिए पानी की पम्पिंग की लागत क्या हैं?
6. क्या मछली पालन से संबंधित अधिकांश जरूरी उपकरण और मशीनरी उपलब्ध है?
7. क्या आप के पास मछली का पालन शुरू करने के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधन है?
8. क्या आप अपने बैंक से मछली की खेती के लिए पूंजी और परिचालन ऋण प्राप्त कर सकते हैं?
9. क्या उस जगह पर अन्य संभावित निवेश की तुलना में मछली से लाभ की क्षमता अधिक है?
10. क्या मछली पालन से होने वाला लाभ श्रमिको की तनख्वाह, प्रबंधन का खर्च और मछली पालन से संबंधित जोखिम के लिए पर्याप्त है?
11. क्या निवेश और परिचालन पूंजी ब्याज दरों के अनुसार मछली पालन एक उचित लाभ मिलने की संभावना को पुरा करता है ?
12. क्या मछली पालन ही उस खेत के लिये सबसे अच्छा विकल्प है जहाँ पर आप तालाब बनाने की योजना बना रहे हैं? क्या अन्य कोई खेती का विकल्प नहीं है?
13. क्या आप अपनी पहली फसल बेचने से मिलने वाली आय से पहले तक मछली पालन के पूरे ऑपरेशन का खर्चा उठा सकते हैं ?
14. क्या आप कभी आकस्मिक होने वाले नुकसान को अवशोषित करने में सक्षम हैं?
15. आपके लिये मछली बेचने के लिए सबसे किफायती रूप क्या है: पूरी मछली या फिर उसके टुकड़े करके ?

**सारांश**

एक सफल मछली पालन उद्यम के लिए पांच तत्व सबसे अधिक आवश्यक हैं। ये पांच तत्व उपयुक्त भूमि, उपयुक्त पानी, पैसा, आसानी से उपलब्ध बाजार तथा प्रबंधन समय और कौशल हैं। सही परिस्थितियों और पर्याप्त समय तथा वेज्ञानिक विधि पालन करने पर , मछली पालन एक लाभदायक और पुरस्कृत उद्यम हो सकता है। यह एक अच्छी मात्रा में प्रोटीन युक्त भोजन प्रदान कराने में सहायक हो सकता है तथा अपुष्ट-भोजन की समस्या को दूर करने में मददगार साबित हो सकता है। किसान मछली पालन के बारे में अधिक तथा सटीक जानकारी कृषि विज्ञान केंद्र, राजकीय कृषि महाविद्यालय के प्रसार निदेशालय और संबंधित विभाग के तकनीकी अधिकारीयों से प्राप्त कर सकते हैं।